राजधानी •
वर्ष 16 | अंक 78 | पृष्ठ : 24
मूल्य : चार रुपये या
पांच रुपये उड़ान सहित
7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 19 संस्करण

अमर उजाला

नई दिल्ली
बुधवार, 27 जून 2018

सुरक्षा और सख्त एसपीजी की इजाजत के बिना मंत्री-अफसर भी प्रधानमंत्री मोदी के पास नहीं जा सकेंगे दिल्ली-एनसीआर

नोएडा एयरपोर्ट के आसपास बसेगा मॉडल शहर

ग्रेटर नोएडा। जेवर में प्रस्तावित एयरपोर्ट के पास अंतरराष्ट्रीय स्तर का शहर बसेगा। इस शहर में सभी आधुनिक सुविधाएं मौजूद रहेंगी। शापूरजी पलोंजी कंपनी ने इसमें रुचि दिखाई है। इस शहर की परिकल्पना बनाकर यीडा प्रस्ताव दिया है। प्राधिकरण ने कंपनी के प्रस्ताव पर विचार करने का मन बना लिया है।

यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के निर्माण के लिए जल्द ही अंतरराष्ट्रीय निविदा आमंत्रित की जाएगी। हवाई अड्डे से 2022-23 में हवाई सेवाओं का संचालन शुरू होने की उम्मीद है। हवाई अड्डा बनने के बाद यहां आने वाले यात्रियों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं भी होनी चाहिए।

इसे देखते हुए एयरपोर्ट के आसपास आधुनिक शहर विकसित करने का प्लान बनने लगा है। यह शहर अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से लैस होगा। इसमें होटल, रेस्टोरेंट, मॉल, शॉपिंग कांप्लेक्स, फूड कोर्ट, परिवहन, पर्याप्त बिजली व पानी आदि विकसित किया जाएगा। मंगलवार को शापूरजी पलोंजी कंपनी के प्रतिनिधियों ने यीडा के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह के साथ बैठक की और अपना प्लान सौंपा। डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि जेवर हवाई अड्डे के आसपास भी आधुनिक सुविधाओं से लैस शहर को विकसित करने की योजना है, ताकि जेवर हवाई अड्डे पर उतरने वाले यात्रियों को किसी तरह की असुविधा न हो, उन्हें आधुनिक सुविधाएं हवाई अड्डे के आसपास उपलब्ध हो सकें। ब्यूरो